जिले के छह खिलाड़ी राज्यस्तरीय खो-खो प्रतियोगिता में दिखायेंगे दम

बिहारशरीफ। बक्सर में 27 से 29 अक्टूबर तक आयोजित होने वाली राज्यस्तरीय अंतर प्रमंडलीय खो-खो प्रतियोगिता में नालंदा जिले के छह खिलाड़ी पटना प्रमंडल की टीम का प्रति. निधित्व करेंगे। बिहार राज्य खेल प्राधिकरण और जिला प्रशासन, बक्सर के सहयोग से आयोजित इस प्रतियोगिता के लिए अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग में खिलाड़ियों का चयन ट्रायल के आधार पर किया गया है।

खेल शिक्षक अनिल कुमार ने बताया कि अंडर-14 वर्ग में सेवदह राजकीय बुनियादी विद्यालय, हरनौत के अमित कुमार और डैफोडील कॉन्वेंट स्कूल, गिरियक के प्रवीण कुमार का चयन हुआ है। वहीं अंडर-17 वर्ग में सेवदह राजकीयकृत +2 उच्च विद्यालय के विभोर कुमार तथा अंडर-19 वर्ग में इसी विद्यालय के सन्नी कुमार और रजनीश कुमार को टीम में शामिल किया गया है। खिलाड़ियों के इस चयन से जिले के खेलप्रेमियों, कोच कुंदन पांडेय, प्रमोद कुमार और रवि कुमार में काफी उत्साह है तथा सभी को खिलाड़ियों से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद है।

नालंदा विश्वविद्यालय में आईएएसएसआई के 25वें वार्षिक सम्मेलन का आगाज

देशभर के सामाजिक वैज्ञानिक और नीति-निर्माताओं का हुआ जुटान



बिहारशरीफ। ऐतिहासिक नालंदा विश्वविद्यालय में रविवार को 'भारतीय सामाजिक विज्ञान संस्थाओं के संघ' (आईएएसएसआई) के 25वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन का औपचारिक शुभारंभ हो गया। 25 से 28 अक्टूबर तक आयोजित इस चार दिवसीय सम्मेलन में समकालीन सामाजिक-आर्थिक विषयों पर मंथन के लिए देशभर के प्रतिष्ठित सामा. जिक वैज्ञानिक, शोधकर्ता और नीति-निर्माता एकत्र हुए हैं। सम्मेलन का मुख्य सत्र 26 से 28 अक्टूबर तक चलेगा, जबकि पहले दिन डेटा एवं शोध पद्धतियों पर केंद्रित एक विशेष सम्मेलन-पूर्व संगोष्ठी (प्री-कॉन्फ्रेंस सिम्पोजियम) का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के विश्वामित्रालय सभागार में आयोजित संगोष्ठी में सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय के सचिव सौरभ गर्ग ने प्रशासनिक अभिलेखों, मोबा. इल डेटा, ई-कॉमर्स और भू-स्थानिक सूचनाओं की बढ़ती उपयोगिता पर प्रकाश डाला। वहीं आईआईएम अहमदाबाद के पूर्व प्राध्यापक प्रोफेसर रवींद्र एच. ढोलकिया ने साक्ष्य-आधारित नीतिगत निर्णयों के लिए भरोसेमंद आंकड़ों और सुदृढ़ शोध-पद्धति को अनिवार्य बताया। संगोष्ठी में जैन यूनिवर्सिटी के सलाहकार डॉ. एस. मधेश्वरन, नालंदा विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एस. के. मोहंती, मानव विकास संस्थान के प्रोफेसर जी. सी. मन्ना और आईआईपीएस मुंबई के प्रोफेसर उदय शंकर मिश्रा ने भी अपने विचार रखे। विशेषज्ञों ने एमएसएमई क्षेत्र के लिए पारदर्शी 'ट्रेड डेटाबेस' और सांख्यिकीय अनुमानों की सटीक व्याख्या पर जोर देते हुए सर्वसम्मति से माना कि बेहतर नीतिगत फैसलों के लिए आंकड़ों की गुणवत्ता और शोध की शुद्धता अत्यंत आवश्यक है।

संगोष्ठी के उपरांत पारंपरिक दीप प्रज्वलन के साथ सम्मेलन का औपचारिक उद्घाटन किया गया। नालंदा विश्वविद्यालय के कुलपति एवं पैप के अध्यक्ष प्रोफेसर सचिन चतुर्वेदी ने स्वागत भाषण दिया, जिसके बाद पैप के सदस्य-सचिव प्रोफेसर आलोक कुमार मिश्रा ने आयोजन की विस्तृत जानकारी दी। सम्मेलन के अध्यक्ष एवं दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स के निदेशक प्रोफेसर राम सिंह तथा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के सदस्य-सचिव प्रोफेसर धनंजय सिंह ने भी सत्र को संबोधित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के अध्यक्ष प्रोफेसर एस. महेंद्र देव ने "विकसित होते सामाजिक विज्ञान के परिप्रेक्ष्य में भारतीय ज्ञान प्रणाली" विषय पर अपना उद्घाटन भाषण प्रस्तुत किया। इस विशेष अवसर पर शिवानी मिश्रा और आलोक कुमार मिश्रा द्वारा लिखित तथा ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस द्वारा प्रकाशित पुस्तक पब्लिक फाइनेंस फॉर सिटीज: द बेनिफिट प्रिंसिपल्स फ्रॉम विकसेल टू स्टिग्लिट्ज का विमोचन भी किया गया।

अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार जख्मी

बिहारशरीफ। बिंद थाना क्षेत्र के बेनार-सकसोहरा मार्ग पर शनिवार की रात महद्दीपुर गांव के पास एक अज्ञात वाहन के धक्के से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जख्मी युवक चंडी थाना क्षेत्र के नरसंडा गांव निवासी महेश कुमार है, जिसे तुरंत इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। थानाध्यक्ष मुरली मनोहर आजाद ने बताया कि उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए उसे बिहारशरीफ रेफर कर दिया गया है।

तालाब में डूबने से 35 वर्षीय अज्ञात युवक की मौत

बिहारशरीफ। नालंदा थाना क्षेत्र के कुल गांव में स्थित स्कूल के पास वाले तालाब में स्नान करने के दौरान डूबने से 35 वर्षीय एक अज्ञात युवक की मौत हो गई। घटना रविवार दोपहर की है। स्थानीय लोगों के अनुसार, युवक दोपहर के समय तालाब में स्नान कर रहा था। काफी देर तक जब वह पानी से बाहर नहीं निकला, तो ग्रामीणों को अनहोनी की आशंका हुई और उन्होंने तुरंत इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी प्रमोद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों के सहयोग से युवक को पानी से बाहर निकालकर तुरंत अस्पताल पहुंचाया, जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का स्पष्ट पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच में जुटी हुई है।

होम्योपैथी को आधुनिक शोध और नई तकनीकों से जोड़ने के लिए चिकित्सकों का सम्मेलन संपन्न



बिहारशरीफ। होम्योपैथी को आधुनिक शोध और नई उपचार तकनीकों से जोड़ने के उद्देश्य से रविवार को पतासंग स्थित एक सभागार में चिकित्सकों का एक महत्वपूर्ण सम्मेलन आयोजित किया गया। नालंदा के अलावा नवादा, शेखपुरा और आसपास के जिलों से आए चिकित्सकों ने मरीजों को बेहतर और सुरक्षित इलाज देने पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान नई दवाओं, इलाज के बदलते तरीकों और मरीजों तक सही उपचार पहुंचाने में आने वाली चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई।

सम्मेलन में डॉ. अजीत कुमार ने कहा कि होम्योपैथी के विकास के लिए चिकित्सकों को निरंतर नए शोध और तकनीकों से अपडेट रहना जरूरी है। इलाज का उद्देश्य केवल बीमारी के लक्षणों को कम करना नहीं, बल्कि मरीज की संपूर्ण स्वास्थ्य स्थिति को समझकर उचित उपचार देना है। उन्होंने होम्योपैथी के प्रति सही जानक. ारी जन-जन तक पहुंचाने के लिए मिलकर काम करने पर जोर दिया। वहीं, डॉ. राजेश कुमार ने बताया कि होम्योपैथी में मरीज के लक्षण, स्वास्थ्य और जरूरत के अनुसार दवा का चयन किया जाता है। उन्होंने लोगों को आगाह किया कि योग्य चिकित्सक की सलाह के बिना कोई भी दवा न लें और चिकित्सकों को भी मरीजों को सरल भाषा में पूरी जानकारी देनी चाहिए।

कार्यक्रम में यह भी बात सामने आई कि कोरोना के समय वैकल्पिक चिकित्सा पद्धतियों के प्रति लोगों की रुचि बढ़ी थी, लेकिन कोरोना से बचाव या इलाज में होम्योपैथिक दवाओं की प्रभावशीलता के पर्याप्त वैज्ञानिक प्रमाण नहीं हैं। इसलिए इसे किसी गंभीर बीमारी के प्रमाणित इलाज का विकल्प नहीं माना जाना चाहिए। मरीजों को हमेशा डॉक्टर की सलाह और वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित उपचार का पालन करना चाहिए।

इस सम्मेलन के दौरान दवा प्रतिनिधियों ने चिकित्सकों को नई दवाओं और उत्पादों की जानक. ारी दी। साथ ही, चिकित्सा क्षेत्र के बदलावों से अवगत रहने और मरीजों को सुरक्षित इलाज देने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में डॉ. सिंटू सिंह, डॉ. इमरान हुसैन, डॉ. गुड्डू, डॉ. प्रवीण, डॉ. विकास कुमार, डॉ. विना. `द कुमार और डॉ. मनोज कुमार समेत कई चिकित्सक उपस्थित रहे। इसके अलावा दवा प्रतिनिधि के रूप मे घनश्याम, सतीश कुमार, गुड्डू कुमार और कल्पना कुमारी सहित अन्य लोग भी शामिल हुए।

राजगीर में आयोजित भारत-न्यूजीलैंड रग्बी मैच में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करेंगे स्कूली बच्चे

बिहारशरीफ। भारत और न्यूजीलैंड के बीच रग्बी संबंधों की 100वीं वर्षगांठ के ऐतिहासिक अवसर पर नालंदा जिले के राजगीर में एक भव्य अंत. रराष्ट्रीय रग्बी मैच का आयोजन किया जा रहा है। राजगीर स्टेडियम में आगामी 27 अक्टूबर (मंगलवार) को दोपहर 3 बजे से आयोजित होने वाले इस महाम. काबले के गवाह जिले के विभिन्न स्कूलों के बच्चे बनेंगे। जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग ने संयुक्त रूप से इस आयोजन में 14 से 18 वर्ष के आयु वर्ग वाले सभी सरकारी और निजी विद्यालयों के छात्र-छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित की है। इस विशेष पहल का मुख्य उद्देश्य युवाओं में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना, उन्हें अंतरराष्ट्रीय खेल संस्कृति से परिचित कराना तथा स्वास्थ्य व अनुशासन के प्रति प्रेरित करना है। आयोजन को सुचारू और सुरक्षित बनाने के लिए प्रशासन ने सभी संबंधित स्कूलों को सख्त दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें बच्चों के सुरक्षित आवागमन, पेयजल और अन्य आवश्यक सुविधाओं का विशेष ध्यान रखने को कहा गया है, ताकि छात्र बिना किसी कठिनाई के इस ऐतिहासिक मैच का आनंद ले सकें। जिला प्रशासन ने खेल-कूद में रुचि रखने वाले तमाम छात्र-छात्राओं से इस खेल उत्सव का हिस्सा बनने तथा स्टेडियम पहुंचकर भारत व न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने की अपील की है।

रबी महाभियान सह खेत बचाओ अभियान के तहत किसान जागरुकता शिविर का आयोजन

बिहारशरीफ। रबी फसलों की पैदावार बढ़ाने और खेती को अधिक लाभदायक बनाने के उद्देश्य से शनिवार को सिलाव प्रखंड में 'रबी महाभियान सह खेत बचाओ अभियान' के तहत एक किसान जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में हरनौत कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों और कृषि अधिकारियों ने किसानों को पुरानी पद्धतियों को छोड़कर वैज्ञानिक तरीकों से खेती करने और सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने के महत्वपूर्ण गुर सिखाए। कार्यक्रम के दौरान हरनौत कृषि विज्ञान केंद्र की वैज्ञानिक डॉ. ज्योति कुमारी ने किसानों को उत्पादों के मूल्य संवर्धन का महत्व समझाते हुए कहा कि किसान अपनी उपज को सीधे बाजार में बेचने के बजाय उसकी ग्रेडिंग, प्रोसेसिंग और बेहतर पैकिंग करें। उत्पाद को नया रूप देकर बाजार में उतारने से फसल की गुणवत्ता बढ़ेगी और उन्हें कई गुना अधिक कीमत प्राप्त होगी। वहीं, आत्मा के उप परियोजना निदेशक धनंजय कुमार सिंह ने किसानों को नई तकनीकों, मुफ्त प्रशिक्षण और कृषक भ्रमण जैसी योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से कृषि विभाग की विभिन्न अनुदान योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की ताकि वे बिना किसी बिचौलिए के सरकारी मदद प्राप्त कर सकें। उन्होंने कहा कि आधुनिक और वैज्ञानिक तरीकों को अपनाकर ही किसान अपनी पैदावार और आमदनी दोनों में इजाफा कर सकते हैं।

अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालय में नौवीं और 11वीं में नामांकन को आवेदन 03 नवंबर तक

बिहारशरीफ। अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने नालंदा समेत राज्य के 13 जिलों के अल्पसंख्यक आवासीय विद्यालयों में सत्र 2026-27 के तहत कक्षा नौ और 11 में नामांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इन विद्यालयों में पढ़ाई, आवास, भोजन, वस्त्र, दवा और किताबें पूरी तरह निःशुल्क हैं। बिहार के निवासी मुस्लिम, सिख, ईसाई, बौद्ध, जैन और पारसी समुदाय के अभ्यर्थी 3 नवंबर तक विभाग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन के लिए नौवीं में अधिकतम उम्र 16 वर्ष और 11वीं में 18 वर्ष निर्धारित है। साथ ही पारिवारिक वार्षिक आय छह लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। नामांकन के लिए 12 नवंबर को 100 अंकों की प्रवेश परीक्षा होगी, जिसका रिजल्ट 25 नवंबर को आएगा और सत्र 8 दिसंबर से शुरू होगा। कुल सीटों में 50 प्रतिशत बालिकाओं और 75 प्रतिशत ग्रामीण विद्यार्थियों के लिए आरक्षित हैं।

शॉर्ट सर्किट से लगी आग में लाखों की संपत्ति जलकर राख

इस्लामपुर (नालंदा) (संसू)। खुदागंज बाजार स्थित मध्य विद्यालय के समीप शॉर्ट सर्किट से एक आवासीय मकान में अचानक आग लगने से लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति और 70 हजार रुपये नकद जलकर राख हो गए। घटना के संबंध में पीड़ित गृह स्वामी शत्रुघ्न यादव के घर में बिजली के तार से उठी चिंगारी ने विकराल रूप ले लिया, जिससे सोफा सेट, वाशिंग मशीन, पलंग, टेलीविजन, गोदरेज की अलमारी, इन्वर्टर, कीमती कपड़े और अन्य घरेलू सामान पूरी तरह नष्ट हो गए। यह नकदी ईएमआई और दुकान के सामान के लिए रखी गई थी। घटना के बाद से पीड़ित परिवार सदमे में है और उसने खुदागंज थाने में लिखित आवेदन देकर मदद की गुहार लगाई है।











